# बिहार सरकार

## शिक्षा विभाग

## कार्यालय प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, बाढ़, पटना।

**प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, बाढ़, पटना में दो वर्षीय पूर्व सेवाकालीन प्रशिक्षण डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन कोर्स सत्र 2019–21 में नामांकन हेतु विज्ञापन।**

प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, बाढ़, पटना में अकादमिक सत्र–2019–21 के लिए दो वर्षीय पूर्व सेवाकालीन प्रशिक्षण (डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन) में नामांकन हेतु आवेदन पत्र Online आमंत्रित किये जाते हैं। नामांकन हेतु उपलब्ध सीटों की संख्या 150 (एक सौ पचास) (पुरूष एवं महिला) है।

**नामांकन हेतु आर्हता–**

1. नामांकन कुल स्वीकृत 150 (एक सौ पचास) सीटों पर न्यूनतम शैक्षिक आर्हता ईन्टर/+2 में 50% अंकों की होगी तथा अनु0 जाति/जन जाति/नि: शक्त के लिए 5% छूट होगी ।

2. कुल सीट का 3 प्रतिशत नि:शक्त अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होगा तथा 10 प्रतिशत उर्दू विषय के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होगा। नि:शक्त एवं उर्दू विषय के अभ्यर्थियों के लिए क्षैतिज आरक्षण लागू होगा। परन्तु उर्दू विषय के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम 10 प्रतीशत सीट ही क्षैतिज रूप से आरक्षित रहेगी।

3. कुल सीट का 50 प्रतिशत विज्ञान एवं 50 प्रतिशत कला/वाणिज्य के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होगा।

4. अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु पहली जनवरी 2019 को 17 वर्ष होगी तथा आयु की अधिकतम सीमा नहीं होगी।

5. नामांकन में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमों का अनुपालन किया जायेगा।

6. नामांकन हेतु चयन का आधार 10 वीं एवं 12वीं कक्षा के प्राप्त प्राप्तांकों का प्रतिशत होगा। दोनों कक्षाओं में प्राप्त प्राप्तांकों के प्रतिशत का औसत निकालते हुए नामांकन हेतु मेधा सूची का निर्माण कोटिवार किया जायेगा। प्राप्तांकों के प्रतिशत का औसत समान रहने पर अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।

**नामांकन शुल्क**

नामांकन हेतु चयनित अभ्यर्थियों से प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में क्रमशः 11500 (ग्यारह हजार पॉच सौ) रूपये एवं 8500 ( आठ हजार पांच सौ) नामांकन शुल्क के रूप में ली जायेगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति एवं नि:शक्त अभ्यर्थियों से प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में क्रमशः 7000.00 (सात हजार) एवं 5000.00 (पांच हजार रूपये) मात्र शुल्क मे ली जायेगी। यह राशि मासिक भोजन एवं आवास शुल्क छोड़ कर है।

**आवेदन**

नामांकन के लिए राज्य के न्यूनतम आर्हताधारी महिला एवं पुरूष अभ्यर्थी केवल ऑनलाइन माध्यम से महाविद्यालय के वेबसाईट **www.ptecbarh.com** पर दिनांक–16.05.19 तक समर्पित करेंगे। अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**आवेदन पत्र**

1. आवेदकों को आवेदन मद में कुल रूपये 100/– का भुगतान महाविद्यालय के वेबसाईट **www.ptecbarh.com** पर प्रदर्शित निर्देशों के अनुसार करना होगा जिसे वापस नहीं किया जायेगा।

विशेष जानकारी के लिए संस्थान के वेबसाइट **www.ptecbarh.com** / **email-principalptecbarh@gmail.com** पर संपर्क किया जा सकता है।

विभागीय निदेशानुसार निम्न कैलेंडर के अनुसार प्रशिक्षण महाविद्यालय में नामांकन कार्य सुनिश्चित किये जायेंगें।

1. Online आवेदन करने की अन्तिम तिथि –16.05.19 (गुरूवार) तक

2. मेधा सूची का निर्माण एवं नामांकन समिति की बैठक का आयोजन –27.05.19 (सोमवार) तक,

3. मेधा सूची (निर्धारित तिथि तक प्राप्त Online आवेदन हेतु) का प्रकाशन (संस्थान के वेबसाईट एवं सूचना पट् पर 30.05.19 (गुरूवार) तक।

4. मेधा सूची पर अभ्यर्थी द्वारा आपत्ति प्राप्त करना–08.06.19 (शनिवार) तक,

5. प्राप्त आपत्ति के निराकरण के उपरान्त अन्तिम मेधा सूची (सीट के अनुसार अभ्यर्थियों की सूची ) एवं कोटिवार / विषयवार संपूर्ण प्रतीक्षक सूची का प्रकाशन (संस्थान के बेबसाईट एवं सूचना पट् पर)–14.06.19 (शुक्रवार) तक,

6. नामांकन हेतु सूचना–प्रेषण (दूरभाष / ई–मेल / वेबसाईट / SMS द्वारा)–18.06.2019 (मंगलवार) तक,

7. नामांकन (प्रथम सूची )– 19.06.19 से 24.06.2019 तक,

8. प्रतिक्षक सूची से ऑफलाईन काउन्सिलिंग– (क) 25.06.19 (कला / वाणिज्य)
(ख) 26.06.19 (विज्ञान)

9. अंतिम नामांकन प्रक्रिया –27.06.19 से 04.07.19 तक

10. नामांकन प्रक्रिया बंद–05.07.19 से

11. कक्षा संचालन की तैयारी (परिचय पत्र, निबंधन, प्रशिक्षण महाविद्यालय के शिक्षक एवं वरीय सत्र के छात्रों से पारस्परिक विचार–विमर्श ईत्यादि) एवं शिक्षण कार्य प्रारम्भ करना – 05 जुलाई 2019 से ।

नोटः–इस विज्ञापन से आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होता है।

For प्राचार्य 16.04.19.

प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,
बाढ़, पटना।